# आंध्र प्रदेश हेतु 455 मिलियन डॉलर के ऋण को मंज़ूरी

drishtiias.com/hindi/printpdf/aiib-approves-$455-million-loan-for-andhra-pradesh-rural-road-project

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) के निदेशक मंडल ने आंध्र प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में सड़क परियोजना के लिये 455 मिलियन डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी।

### प्रमुख बिंदु

- आंध्र प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले दो लाख से अधिक लोग बाज़ार, स्कूलों और अन्य सेवाओं से जुड़े एक बेहतर सड़क नेटवर्क का लाभ उठा पाएंगे।
- इस परियोजना का उद्देश्य आंध्र प्रदेश में लगभग 3,300 ग्रामीण आवासों को जोड़ने वाली 6,000 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण और उन्नयन करना है।
- एआईआईबी के अनुसार, "बाज़ारों में कृषि और कृषि वस्तुओं की डिलीवरी की सुविधा के लिये परिवहन लिंक में सुधार के अलावा, सभी मौसम में कनेक्टिविटी के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। विद्यालयों में उपस्थिति दर, विशेष रूप से लड़कियों के मामले में सुधार होने की उम्मीद है।
- यह दूसरी परियोजना है जिसके लिये एआईआईबी ने आंध्र प्रदेश में वित्तपोषण किया है। मई 2017 में चीन के नेतृत्व वाले इस बैंक ने राज्य में बिजली परियोजना के लिये 160 मिलियन डॉलर का ऋण मंज़ूर किया था।
- एआईआईबी का अधिदेश स्थायी आधारभूत संरचना निर्माण में मदद करके एशिया में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- एआईआईबी के अनुसार, "शेष राज्य और बाज़ारों के साथ ग्रामीण आबादी को एकीकृत करके, यह परियोजना पूरी तरह से राज्य में आर्थिक विकास का विस्तार करेगी।"
- यह भारत में ग्रामीण सड़क परियोजनाओं में एआईआईबी का तीसरा निवेश है क्योंकि ऐसी परियोजनाएँ सतत विकास लक्ष्यों और भारत सरकार की प्राथमिकताओं के साथ संरेखित हैं।

### सबसे बड़ा ऋण प्राप्तकर्त्ता

- नया ऋण सात अवसंरचना परियोजनाओं में भारत के प्रति एआईआईबी की कुल 1.76 अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता और भारत के राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (NIIF) को इस साल की शुरुआत में अनुमोदित 200 मिलियन डॉलर इक्विटी निवेश की प्रतिबद्धता दर्शाता है।
- भारत 72 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एआईआईबी का दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है और अब तक बैंक द्वारा दिये गए ऋण का सबसे बड़ा प्राप्तकर्त्ता भी है।

**एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) क्या है?**

- यह एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जो एशिया और उसके बाहर के सामाजिक और आर्थिक नतीज़ों में सुधार के लिये एक मिशन के रूप में कार्य करता है।
- एआईआईबी का मुख्यालय बीजिंग में है जिसका गठन वर्ष 2016 में 100 बिलियन डॉलर की प्रतिबद्ध पूंजी के साथ किया गया था। वर्तमान में इसके 86 अनुमोदित सदस्य हैं।
- टिकाऊ बुनियादी ढाँचे और अन्य उत्पादक क्षेत्रों में निवेश करके एआईआईबी लोगों, सेवाओं और बाज़ारों को बेहतर ढंग से जोड़ रहा है, जो समय के साथ अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित करेगा और बेहतर भविष्य का निर्माण करेगा।
- एआईआईबी ऊर्जा और बिजली, परिवहन और दूरसंचार, ग्रामीण बुनियादी ढाँचा व कृषि विकास, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शहरी विकास और प्रचालन में ठोस और टिकाऊ परियोजनाओं के लिये वित्तपोषण प्रदान करता है।